हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल–246174 (उत्तराखण्ड)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal), Uttarakhand – 246174
(A Central University)

Telephone : (01346) – 250558
Fax : (01346) – 250558, 250094
Website : www.hnbgu.ac.in
Email : drexamhnbgu@gmail.com

Ref No: HNBGU/परीक्षा/2014/ 778 — 10 नवम्बर 2014

सेवा में

प्राचार्य/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान

....

....

विषय – वार्षिक परीक्षा 2015 एवं सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म प्रेषण के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया सत्र 2014–15 की वार्षिक परीक्षाऐं माह मार्च 2015 की द्वितीय सप्ताह में सम्पन्न की जानी प्रस्तावित है एवं सेमेस्टर परीक्षाऐ 12 दिसम्बर 2014 से होनी सुनिश्चित है। उक्त परीक्षाओं के निमित आपको निम्न विवरणानुसार परीक्षा फार्म/ओ.एम.आर. शीट प्रेषित किये जा रहे हैं।

1. सेमेस्टर परीक्षा फार्म कमांक संख्या.................................. से क्रमांक .... तक कुल................................ फार्म।
2. वार्षिक परीक्षा हेतु ओ.एम. आर.शीट क्रमांक संख्या........................... से क्रमांक .... तक कुल................................ शीट।

कृपया निम्न निर्धारित तिथियों के अनुसार आवेदन पत्र भरवाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें:

1. समस्त सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु बिना विलम्ब शुल्क महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **25 नवम्बर 2014**
2. समस्त वार्षिक परीक्षाओं हेतु बिना विलम्ब शुल्क महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **30 नवम्बर 2014**
3. समस्त वार्षिक परीक्षाओं हेतु विलम्ब शुल्क रू0 1000/– प्रति आवेदन–पत्र सहित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **10 दिसम्बर 2014**
4. समस्त वार्षिक परीक्षाओं हेतु विलम्ब शुल्क रू0 1000/– + रू. 100/– प्रति दिन की दर से प्रति आवेदन–पत्र सहित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **31 जनवरी 2015**

नोट:

1. ओ0एम0आर परीक्षा फार्म को ओ0एम0आर सीट के साथ संलग्न दिशानिर्देश के अनुरूप भरें ।
2. ओ0एम0आर फार्म को भरते समय या भरने के पश्चात मोडे नही फार्म कहीं से भी फटे नही तथा उसमें किसी भी प्रकार की ऊपरी लेखन न करें । कालेज फटे, अपूर्ण एवं गलत तरीके से भरे हुए फार्म स्वीकार न करें। फटे, मोडे, अपूर्ण फार्म एवं किसी भी प्रकार का ऊपरी लेखन वाली ओ0एम0आर सीट स्केनिंग करते समय स्केनर के द्वारा रदद कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी छात्र/छात्राओं एवं सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान की होगी।
3. संम्भव हो तो ओ0एम0आर0 फार्म को कालेज में भरवायें ताकि त्रुटियां न हो तथा फार्म सुरक्षित ढंग से कालेज/विश्वविद्यालय में जमा हो सकें ।
4. कालेज प्रशासन कृपया यह भी सुनिश्चित करे कि ओ0एम0आर0 शीट को वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करके 100–100 सीटों की गड्डी बनाकर पेटी में पैक करके विश्वविद्यालय में जमा करें ।
5. वित्त पोषित पाठ्यक्रम के लिये रू. 10/– एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के लिए रू. 50/– आवेदन–पत्र शुल्क परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त लिया जाये तथा परीक्षा शुल्क के साथ ही विश्वविद्यालय में जमा करवाया जाये।
6. प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय में आवंटित /मान्यता प्राप्त सीट के अनुसार ही परीक्षा फार्म भरे जायें यदि स्वीकृत सीटों से अधिक आवेदन–पत्र महाविद्यालय/संस्थान द्वारा भरे जायेंगे तो उसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं करेगा।

भवदीय,

13/11/14

उप कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि:

1. भण्डार नायक को इस आशय से प्रेषित कि श्री.. को उक्त संख्या आवेदन–पत्र हस्तगत करें।
2. प्रभारी,गोपनीय/अतिगोपनीय अनुभाग के सूचनार्थ प्रेषित।
3. परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
4. निजी सचिव, कुलसचिव– कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
5. निजी सचिव, कुलपति–माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/14

उप कुलसचिव (परीक्षा)

C:\DR Exams1\Letter Paid.doc\258